# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# एक ही बेड पर दो गर्भवतियों को रखना व्यवस्थाओं पर सवाल

## पांच लाख की आबादी वाले जिले के महिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं पड़ रही हैं भारी

**दिक्कतें**

■बेडों का संचालन न किये जाने पर जनआंदोलन की चेतावनी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद के महिला चिकित्सालय में इन दिनों गर्भवती महिलाओं को दिक्कतों से रूबरू होना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक कोरोना काल में एक ही बेड पर दो गर्भवती महिलाओं को भर्ती करना जिले के लोगों के लिए परेशानी का कारण बन चुका है। यह लापरवाही पूरे समाज के लिए भारी पड़ती नजर आ रही है।

बता दें कि पांच लाख की आबादी वाले सीमांत जिले में आधी आबादी के लिए चिकित्सा व्यवस्था मजाक बनकर रह गई है। जिले के महिला अस्पताल में बढ़ती गर्भवती महिलाओं की तादात ने जिला महिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल करने शुरू कर दिये है। जिला महिला अस्पताल में भर्ती की जा रही एक ही बेड पर दो महिलाओं को लेकर मानवअधिकारों को ठेंगा दिखायें जानें का विषय साबित हो रहा है।



जिला मुख्यालय के महिला चिकित्सालय में जिले के साथ ही चंपावत बागेश्वर व नेपाल से भी गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए आती है। जिले के महिला अस्पताल में वर्तमान बासठ बेड स्वीकृत है परंन्तु यही पर जगह की कमी के चलते व अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते मात्र इस समय बढ़ती तादात के बावजूद भी जिले के अस्पताल में केवल बयालीस बेड ही नसीब हो पा रहे है। वही दूसरी ओर अस्पताल के कमरों में जगह जगह सीलन भी देखने को मिल रही है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए किया जा रहा मजाक गर्भवती महिलाओं के साथ खिलवाड़ नही है तो क्या है। जिले के सामाजिक संगठनों ने इस समस्या पर अस्पताल परिसर में सभी स्वीकृत बेडों का संचालन न किये जाने पर जनआंदोलन किये जाने की चेतावनी दे डाली है।

महिला चिकित्सालय के सीएमस जेएस नबियाल ने कहा है कि अस्पताल में संसाधनों की कमी की लंबे समय से चल रही हैं। उनका यह भी कहना है कि कोरोना काल में जिले में दूसरे इलाकों से आने वाली गर्भवतियों को एक ही बेड पर ऐसे हालातों में भर्ती करना उनके लिए आये दिन परेशानी साबित हो रही है। इसके लिए उन्होंने एक प्रस्ताव सीएमओ को भेज दिया है।

## न्यूज डायरी

### किसानों की अनदेखी कर रही भाजपा

**संवाददाता** हरिद्वार। जिला किसान कांग्रेस के कार्यालय जगजीतपुर में किसान कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष सुशील राठी के आहवान पर जिलाध्यक्ष दिनेश वालिया के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर किसानों को राहत देने की मांग की। जिलाध्यक्ष दिनेश वालिया ने कहा कि भाजपा शासनकाल में किसानों की अनदेखी की जा रही है। देश और प्रदेश में फैल रही बेरोजगारी के कारण युवाओं को प्रदेश से पलायन करना पड़ रहा है। पेट्रोल डीजल के दाम महंगे होने के कारण किसान आर्थिक परेशानियों को झेल रहा है। राज्य का किसान कर्ज तले दबा हुआ है। कोरोना काल में भी किसानों को कोई भी राहत पैकेज नहीं दिया जाना सरकार की लचर कार्यप्रणाली को दर्शा रहा है। दिनेश वालिया ने कहा कि किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर पूर्व में भी मांग की गयी।

### डेटॉल 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' ने प्लान इंडिया के साथ साझेदारी की

**संवाददाता** देहरादून। अपने फ्लैगशिप कार्यक्रम, बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत रेकिट बेंकाईजर ने फैलते कोविड–19 के संकट के बीच फ्रंट लाईन कर्मचारियों एवं मेडिकल प्रैक्टिशनर्स का सहयोग करने के लिए प्लान इंडिया के साथ साझेदारी की है। इस विपत्ति से सबसे ज्यादा प्रभावित वो लोग हुए है ंजो उन दूरदराज के इलाकों में स्थित हैं, जहा ंपर जनस्वास्थ्य, मानवीय मदद और सरकारी सुविधाओं की पहुंच कम है। प्लान इंडिया द्वारा डेटॉल बीएसआई भारत में प्रभावित समुदायों के बीच काम कर रहे स्वास्थ्य संगठनों को मोटराईज्ड हॉस्पिटल बेड्स एवं संक्रमण प्रिवेंशन किट्स के वितरण में मदद करेगा।

### एमवे इंडिया ने व्यापार के अवसरों की खोज करने वाले लोगों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की

**संवाददाता** देहरादून। देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया देश में गिग इकोनॉमी इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। संगठन के पास एक वैश्विक। 70 बहु–वर्षीय विकास रणनीति है, जो सामाजिक वाणिज्य के साथ उद्यमिता की शक्ति को प्राप्त करने पर केंद्रित है। इस बहु–वर्षीय विकास रणनीति के एक हिस्से के रूप में एमवे इंडिया ने गिग इकोनॉमी के उदय को एक प्रमुख वैश्विक रुख के रूप में पहचाना है। इसके तहत और भारतीय अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के लिए सहयोग करने के अपने प्रयासों के साथ एमवे इंडिया अपने डायरेक्ट रिटेलर्सध्सेलर्स के लिए विकास को सक्षम करने और उनकी लाभदायक, स्थायी सफलता के लिए व्यावसायिक उत्पादन के नए स्रोत निर्मित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करने वाले राजस्व टीम को मिले पुरूस्कार

**संवाददाता** मुनस्यारी। जिपं सदस्य जगत मर्तोलिया ने मुख्यमंत्री को ईमेल से पत्र लिखकर जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रति द्वारा किए जा रहे अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करने वाले राजस्व टीम सहित डीएम व एसपी को प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित करने के साथ पुरुस्कार दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस टीम ने साहसिक कार्य किया है।

पिथौरागढ़ तहसील के अंतर्गत राजस्व विभाग की टीम ने बीते रोज जिला पंचायत अध्यक्ष के पति बिरेन्द्र सिंह बोहरा को अवैध खनन करते हुए पकड़ा था। खनन से भरे टिप्पर को दबंगयी दिखाकर छुड़ाने के बाद राजस्व विभाग ने कोतवाली पुलिस में मुकदमा दर्ज किया। जिपं सदस्य जगत मर्तोलिया ने सोमवार को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को पत्र लिखकर भेजा जिसमें उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग ने एक के बाद एक साहसिक कार्य किया है। मर्तोलिया ने कहा कि जिले के प्रथम नागरिक की कुर्सी में बैठै जनप्रतिनिधि के पति पर इस तरह की कड़ी कार्यवाही पहली बार इस जिले में हुई है।

मर्तोलिया ने कहा कि जिले के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सत्ता के दबाव को दरकिनार करते हुए एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। मर्तोलिया ने कहा कि राज्य में यह पहला मामला है कि सत्ताधारी दल के जिपं अध्यक्ष के पति के अवैध खनन व दबंगयी के मामले को दबाया नहीं गया। मर्तोलिया ने कहा कि हम मुख्यमंत्री के पत्र का इंतजार करेंगे। अगर सीएम ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से नहीं लिया तो हम सामाजिक संगठनों के माध्यम से अनुमति लेकर डीएम, एसपी सहित राजस्व टीम को सार्वाजनिक रुप से सम्मानित करेंगे।

# पीड़ित महिला को न्याय मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन

**विधायक पर कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन**

**संवाददाता** हरिद्वार। महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिला उत्पीड़न के आरोपी द्वाराहाट के भाजपा विधायक महेश नेगी के खिलाफ सरकार द्वारा कार्रवाई ना करने पर भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव डा. संजय पालीवाल ने कहा कि सरकार महिला उत्पीड़न के आरोपी भाजपा विधायक भाजपा की जांच कराने को तैयार नहीं है। इससे भाजपा की कथनी और करनी का फर्क साफ पता चलता है। महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि भाजपा राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। प्रदेश में महिला उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

द्वाराहाट के भाजपा विधायक पर महिला द्वारा उत्पीड़न के आरोप लगाने के बावजूद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार जांच तक नहीं करा रही है। न्याय पाने के लिए संघर्ष कर रही महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिला को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। जिला पंचायत सदस्य रोशनलाल व प्रदेश सचिव धार्मपाल ठेकेदार ने कहा कि भाजपा सरकार अपने विधाायक को बचाने का प्रयास कर रही है। आरोप लगाने वाली महिला के परिवार को परेशान किया जा रहा है। महिला कांग्रेस उत्पीड़न की शिकार हुई महिला को न्याय दिलाने के लिए किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी।

# संदीप की आत्महत्या देवभूमि उत्तराखंड पर बड़ा कलंकः रविन्द्र सिंह आनन्द

**आरोपः** सरकार अपने झूठे वादों और योजनाओं को प्रचारित प्रसारित कर रही है

**संवाददाता**

देहरादून। सोमवार को उत्तराखंड आम आदमी पार्टी ने सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि संदीप ने बेरोजगारी से तंग आकर की थी आत्महत्या। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो में संदीप द्वारा यह बताया गया कि संदीप को यह नहीं लगता कि त्रिवेंद्र सरकार के रहते हुए उसे नौकरी मिल पाएगी जिस कारण उसका जीवन बहुत विकट हो गया है और अब जीवन का निर्वाह नहीं कर पा रहा है जिस कारण वह आत्महत्या कर रहा है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनन्द ने आरोप लगाया है कि बेरोजगार संदीप की आत्महत्या के लिए सरकार जिम्मेदार है और सरकार किसी को रोजगार नहीं दे रही है और मुख्यमंत्री बेरोजगारी के आंकड़े को छुपाते हैं इसलिए सरकार को चाहिए कि वह इन चीजों पर ध्यान दें और इसकी जो हत्या हुई है उसके लिए उसकी जिम्मेदारी लें। आत्महत्या के लिए सीधे सीधे आम आदमी पार्टी ने सरकार को जिम्मेदार ठहराया है और कहा है कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए इससे हमारे उत्तराखंड पर काला टीका लगता है। उन्होंने कहा कि विश्व भर में प्रसिद्ध देव भूमि उत्तराखंड जहां आकर लोग अपने आप को स्ट्रेस फ्री महसूस करते हैं। वही यहां के बेरोजगार युवक आत्महत्या करने को मजबूर है। उन्होंने सरकार को चेताया कि यदि इस प्रकार की घटनाएं जल्द ना रुकी तो वे उत्तराखंड के बेरोजगारों के साथ मिलकर सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि सूत्रों के अनुसार प्रदेश में लगभग 30,000 से 40,000 सरकारी रिक्त पद है जिन्हें सरकार द्वारा नहीं भरा जा रहा। यदि इन पदों पर नियुक्ति सरकार द्वारा कर दी जाए तो बेरोजगारों को बहुत आराम मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि उत्तराखंड में जो प्रवासी भाई आए हैं वह भी सरकार की ओर बड़ी मायूसी से देख रहे हैं।

### कैदी की मौत मामले में एसडीएम जांच आधिकारी नामित

**संवाददाता** हरिद्वार। जिला कारागार हरिद्वार में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी चन्द्रपाल पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम गंगदासपुर थाना झबरेड़ा, हाल निवासी गणेशपुर रूड़की थाना गंगनहर जिला हरिद्वार को मा. उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड नैनीताल के निर्णय अंतर्गत जारी आजीवन कारावास एवं दस हजार का अर्थदण्ड अदा न करने पर 06 माह के अतिरिक्त साधारण कारावास एवं धारा–307 भा.दं.सं. में 05 वर्ष के सश्रम कारावास सजा से दण्डित किया गया था। उक्त बंदी की तबियत ज्यादा खराब होने पर बंदी को जांच व उपचार हेतु कारागार चिकित्साधिकारी की राय पर 18 अगस्त 20 को रात्रि 11:50 बजे जेल गार्द अभिरक्षा में जिला चिकित्सालय हरिद्वार भेजा गया था। डयूटी पर तैनात जेल गार्द द्वारा 19 अगस्त 2020 को समय 00:48 ए.एम. पर अवगत कराया गया कि बंदी को चिकित्साधिकारी हरिद्वार द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है।